भांग धतूरा बेल पत्र से | By Anju Nagar |

भांग धतूरा बेल पत्र से शिवजी को मना लो,
बैठा है औघड़ दानी कैलाश पे आसन डाल के।

दशों दिशाओं में भोले की यारी चलती है,
जब-जब सावन आता है तैयारी चलती है।
मन से भक्ति कर लो शिव की, बम-बम भोला वालो,
कैलाश पे आसन डाल के बैठा है औघड़ दानी।

भांग धतूरा शिव को प्यारा, जाने दुनिया सारी,
राह निहारे महादेव हैं, शिव भक्तों की बारी।
गंगाजल ले जाना है जी, कांवड़ चलो सजा दो,
कैलाश पे आसन डाल के बैठा है औघड़ दानी।

मेरे बाबा महिमा अपनी भक्तों पर बरसाते,
जो पसंद भोला को होती, भक्त वही धुन गाते।
निर्मल के संग भोले के दर चल के भाग जगा लो,
कैलाश पे आसन डाल के बैठा है औघड़ दानी।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%a7%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a5%87%e0%a4%b2-%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-anju-nagar/